प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025

नन्ही तैराक की ऐतिहासिक छलांग

केन्द्रीय विद्यालय डीआरडीओ, बेंगलुरु की प्रतिभाशाली छात्रा धिनिधि देसिंघु ने अपनी असाधारण खेल प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर के.वि.सं. का मान बढ़ाया है। उन्हें मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार बाल प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह प्रतिष्ठित सम्मान धिनिधि को ओलंपिक 2024 में देश की दूसरी सबसे कम उम्र की तैराक के रूप में भाग लेकर इतिहास रचने, राष्ट्रीय स्तर पर तीन रिकॉर्ड तोड़ने तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 42 पदक जीतकर भारत का नाम वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करने के लिए प्रदान किया गया। उनकी उपलब्धियाँ भारतीय खेल जगत में युवाओं की बढ़ती क्षमता और संभावनाओं को सशक्त रूप से रेखांकित करती हैं।